तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 31 जुलाई 2025
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 लंबर विद्यालय में छात्र संघ पदाधिकारियों का हुआ ...


14 कलेक्टर ने ली जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति...


## खबर संक्षेप

### नूनपानी में 50 लीटर महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम नूनपानी के गंधरेलडिपा तिराहा के पास पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से 10 हजार रुपए का 50 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि गंधरेलडिपा तिराहा के पास ग्राम नूनपानी में एक व्यक्ति अवैध रूप से देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब रखकर बिक्री हेतु ग्राहक की तलाश कर रहा है। मौके पर पहुंने पर एक व्यक्ति अपने पास एक 70 लीटर क्षमता वाली नीले रंग प्लास्टिक डिब्बा रखा हुआ मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम हिमालय भारती पिता जीवनलाल भारती (30 साल) नूनपानी थाना सरायपाली का निवासी होना बताया। जब प्लास्टिक डिब्बे की तलाशी ली गई उसके अंदर करीबन 50 लीटर देशी हाथ भट्ठी शराब कीमत 10000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया।

### जिले में अब तक 529.2 मिलीमीटर औसत वर्षा

**महासमुंद।** जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2025 से अब तक 529.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा पिथौरा तहसील में 728.3 मिलीमीटर, सरायपाली में 547.3 , बसना में 532.2 , बागबाहरा में 475.9, महासमुंद में 468.6 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 423.3 मिमी कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। 30 जुलाई को 9.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में कोमाखान तहसील में 19.4 मिमी, बागबाहरा में 15.0, पिथौरा में 12.4, महासमुंद में 6.3, सरायपाली में 2.6 एवं बसना तहसील में 1.5 मिमी बारिश हुई।

# फसल बीमा कराने आज अंतिम दिन, 87 हजार किसान हो सकते हैं वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के किसानों के लिए एक बेहद जरूरी खबर है। अगर आपने अपने फसल का बीमा नहीं कराया है तो प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ फसलों का बीमा कराने की आखिरी तारीख आज है। इस योजना के तहत किसान फसल को होने वाले नुकसान से खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। मामूली से प्रीमियम में इस बीमा योजना का लाभ उठाया जा सकता है। इस योजना में धान, मक्का, बाजरा और उड़द जैसी फसलें शामिल हैं। इस योजना का फायदा ऋणी और गैर-ऋणी दोनों तरह के किसान उठा सकते हैं। दरअसल, जिले के किसानों के लिए खरीफ 2025-26 सीजन में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ उठाने का सुनहरा अवसर है। किसान इस योजना के तहत 31 जुलाई 2025 तक अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। इस बार जिले में धान, मक्का, बाजरा और उड़द फसलों को अधिसूचित किया गया है प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए जरूरी है। जिले के किसानों को किसी आपदा या सुखे जैसे हालत में फसल को नुकासान होने पर आर्थिक तंगी से बचने के लिए पीएम फसल बीमा कराने की आज अंतिम दिन है इसके बाद से पोर्टल बंद हो जायेगा। जिले में पिछले साल लगभग 74 हजार 382 किसानों ने अपने फसल का बीमा कराया था। अभी लगभग 1 लाख 57 हजार 444 किसान पंजीकृत है।

## मामूली से प्रीमियम में उठाया जा सकता इस बीमा योजना का लाभ

### आधे से कम किसानों का हुआ फसल बीमा

जिले के 5 तहसील एवं 2 उपतहसील के आधे से ज्यादा किसानों ने अपने फसलों का बीमा ही नही कराया है। मिली जानकारी के आनुसार लगभग 70 हजार किसानों ने अपना फसल बीमा कराया है जबकि जिले में कुल 1 लाख 57 हजार 444 पंजीकृत किसान है। अभी भी लगभग 87 हजार 444 किसानों का फसल बीमा होना है और आज अंतिम दिन है।




### प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए जरूरी

लगातार मौसम में बदलाव और प्राकृतिक आपदाओं की आशंका को देखते हुए किसानों के लिए फसल बीमा कराना बहुत जरूरी हो गया है। बीमा कराने से फसल खराब या नष्ट होने की स्थिति में किसानों की आय की सुरक्षा होती है। इस योजना का लाभ ऋणी और गैर-ऋणी दोनों प्रकार के किसान ले सकते हैं।

## मर्डर मिस्ट्री : चार गिरफ्तार, एक आरोपी अब भी फरार

# मामूली विवाद में गई जान, अमित हत्याकांड में सनसनीखेज खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

लाखागढ़ निवासी युवक अमित चौधरी की गुमशुदगी की गुत्थी आखिरकार एक जघन्य हत्याकांड के रूप में सामने आई है। 24 जुलाई को घर से निकले अमित की हत्या कर शव को नदी किनारे रेत में दफना दिया गया था। पिथौरा पुलिस ने इस सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी अब भी फरार है। अमित के बड़े भाई अमन चौधरी ने पिथौरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका भाई दोपहर 12 बजे घर से निकला था और रात तक वापस नहीं लौटा। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की, जिसमें मृतक की बाइक कौड़िया के जंगल में जली हालत में बरामद हुई। इससे किसी बड़ी अनहोनी की आशंका होने लगी। अमित बजाज फाइनेंस लिमिटेड में कार्य करता था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय ने बताया कि 24 जुलाई की रात अमित चौधरी का पुखराज तिवारी नामक युवक से एक ढाबे में विवाद हुआ था। इसी रंजिश में पुखराज ने अपने साथियों प्रेमन, वेदप्रकाश, राकेश ध्रुव और एक नाबालिग के साथ मिलकर टप्पा सेवैया क्षेत्र में अमित की बेरहमी से पिटाई की। हाथ, मुक्के और डंडे से पिटाई कर उसे अधमरा करने के बाद उसे उसी के मोटरसायकल में पिलवापाली बाघ नदी पुल के पास ले जाया गया, और वहां दोबारा फावड़े से उसके सिर पर कई बार वार कर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद आरोपियों ने रेत हटाकर शव को वहीं दफना दिया और पहचान मिटाने के इरादे से मृतक की अपाचे मोटरसायकल को अन्यत्र कौड़िया जंगल में पेट्रोल डालकर जला दिया। पुलिस ने साइबर सेल की मदद से आरोपियों की पहचान कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि, राकेश ध्रुव नामक आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस ने हत्या का मामला धारा 103(1) के तहत एफआईआर दर्ज किया है।



### हत्या की वजह

- फावड़े से वार कर की गई निर्मम हत्या
- शव को नदी किनारे रेत में दफनया गया
- चार आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

### घटना बेहद चौंकाने वाला

एक मामूली विवाद किस कदर खूनी हिंसा में तब्दील हो सकता है, यह घटना उसका भयावह उदाहरण बन गई है। आरोपियों ने जिस सुनियोजित तरीके से पहले हमला किया, फिर हत्या कर साक्ष्य मिटाने की कोशिश की, वह बेहद चौंकाने वाला है। घटना के बाद क्षेत्रीय पुलिस की सक्रियता और साइबर सेल की तकनीकी सहायता से जिस तरह से पूरे मामले का खुलासा हुआ, वह सराहनीय है, लेकिन साथ ही यह भी ज़रूरी हो गया है कि समाज में अपराध को रोकने के लिए निवारक कदम समय रहते उठाए जाएं।

# गांजा परिवहन के मामले में 12 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मादक पदार्थ गांजा परिवहन के मामले में अपराध दोष सिद्ध होने पर एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने मप्र के सिहोर के वार्ड नंबर 8 निवासी मुकेश बंजारा पिता उमराव बंजारा 39 साल को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) (।।) (सी) के तहत 12 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 1 लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर एक वर्ष का सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा।

अभियोजन के अनुसार 12 जुलाई 24 को कोमाखान थाना क्षेत्र के पुलिस पार्टी रात्रि पेट्रोलिंग एवं जुर्म पतासाजी के लिए घोयनाबाहरा, सुअरमाल, चंदरपुर की ओर रवाना हुए थे। उसी समय मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति नीले रंग के एसपी साइन मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 41 जेड ई 8624 में ओडिशा की ओर से अवैध रूप से गांजा रखकर विक्रय के लिए आ रहा है। सूचना पर टेमरी नाका पहुंचकर घेराबंदी किया गया। कुछ देर बाद मुखबिर के बताए मोटरसाइकिल पहुंचा। जिसमें एक व्यक्ति बैठा हुआ था और अपने साथ दो नग प्लास्टिक नीले रंग के बड़े ड्रंम को मोटरसाइकिल में बांधा हुआ था। उसे रोका गया तो उक्त व्यक्ति घबरा गया और अपना नाम मुकेश बंजारा बताया। पूछताछ करने पर बालूगुड़ा ओडिशा से मादक पदार्थ गांजा खरीदकर मप्र में बिक्री के लिए ले जाना बताया। तौल करने पर गांजा 30 किग्रा निकला, जिसे जब्त की गई। विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया था। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक नूतन साहू ने पैरवी की।

## पीडीएफ डाउनलोड करने पर खाते से कट गए 83,600 रुपए

**महासमुंद।** ऑनलाइन ठगी के कई मामले सामने आए हैं। ठग कई तरह से ठगी को अंजाम देने लगे हैं, जिसमें कभी लिंक भेजकर, कभी फर्जी अधिकारी बनकर कॉल कर तो कभी ओटीपी आदि से ऑनलाइन ठगी करते हैं। बसना थाने में भी ऑनलाइन फ्रॉड का एक मामला दर्ज कराया गया है, जिसमें आरोपी ने व्हाट्सएप्प में पीडीएफ भेजकर ठगी को अंजाम दिया है। पीडीएफ डाउनलोड करने पर खाते से 83,600 रुपये कट गये। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, धनपति अग्रवाल पिता ओमप्रकाश अग्रवाल (45 साल) निवासी ग्राम कोतना थाना झारबंद जिला बरगढ (ओडिशा) गांव में किराना दुकान चलाता है. उसका पंजाब नेशनल बैंक बसना में खाता है। 6 अगस्त 2024 को दोपहर 1:32 बजे उनके व्हॉट्सएप पर अज्ञात, जिसका नाम संजय कुमार दिखा रहा था उसने एक कस्टमर सपोर्ट नाम से एक पीडीएफ भेजा, जिसे धनपति ने डाउनलोड किया 25 सितंबर 2024 को धनपति अपनी पत्नी के इलाज के लिए अपने अकाउंट में कितना पैसा है कहकर अपने मोबाईल में ही कस्टमर केयर से चेक किया तो पता चला उनके खाते में मात्र 07.85 रुपये थे धनपति ने पंजाब नेशनल बैंक बसना जाकर लिखित आवेदन देकर स्टेटमेंट मांगा तो पता चला कि उनके एकाउंट से 19 सितंबर 2024 को 80,000 रुपए फिर 3600 रुपए तथा 20 सितंबर 2024 को 01 रुपए ट्रांजेक्शन खाता धारक विराट कुमार को आइपीएमएस के माध्यम से हुआ है. धनपति के द्वारा अपने खाता तथा जिसके खाता में रकम गया है उस खाते को फ्रिज करवाया गया और टोल फ्री नंबर 1930 में कॉल कर सायबर फ्रॉड की शिकायत दर्ज करायी गई। मामले की शिकायत के बाद पुलिस 28 जुलाई 2025 को आरोपी खाता धारक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज किया है।

# लारीपुर के पास खाद से भरा ट्रक फंसा, कृषि विभाग ने किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय राजमार्ग 53 सांकरा के रास्ते से उड़ीसा की ओर जा रही सुपर फास्फेट खाद से भरी ट्रक ग्राम लारीपुर के जंगल के पास सड़क किनारे ट्रक का पहिया उतर जाने से मिट्टी फंस गई और रास्ता जाम हो गया । खाद के बारे में पतासाजी करने पर फिलहाल खाद के मालिक की जानकारी नहीं मिल पाई थी। जिसके कारण अनुविभागीय अधिकारी पिथौरा ओंकारेश्वर सिंह के मौजूदगी में कृषि विभाग पिथौरा के द्वारा एक ट्रक खाद की जब्ती की कार्रवाई की गई है। अब आगे खाद के मालिक का और कहां से कहां आना जाना कर रहा था, यह जांच में पता चल पाएगा ।

ग्रामीणों का कहना है कि लारीपुर छत्तीसगढ़ सीमा का आखिरी गांव है। इसके आगे ओडिशा राज्य पड़ता है। लारीपुर में कृषि की कोई बड़ी दुकान नहीं है। लोगों को अंदेशा है कि खेती किसानी के समय में रासायनिक खाद की किल्लत बनी हुई है। मेन रोड चौड़ी सड़क को छोड़ कर खाद से भरी ट्रक संकरी छोटी सड़क से ओडिशा की ओर जा रही थी। जो अवैध खाद परिवहन एवं कालाबाजारी के संदेह को जन्म देता है।

कृषि विभाग पिथौरा के प्रभारी अधिकारी ब्रजेश तुर्काने ने बताया कि बसना के महेश ट्रेडिंग कंपनी से खाद लोड हो कर लारीपुर की ओर जा रहा था। ट्रक लारीपुर के रोड किनारे मिट्टी में फंस गया है। घटना स्थल पर ट्रक में 90 के आसपास सुपर फास्फेट खाद लोड था। ट्रक ड्राइवर ट्रक फंसने के बाद फरार हो गया था। घटना की जानकारी होने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ओंकारेश्वर सिंह के निर्देश पर ट्रक सहित उसमें लोड खाद को जब्त कर महेश ट्रेडिंग कंपनी को ही सुपुर्द में दिया गया है। खाद का वैध दस्तावेज पेश करने का निर्देश महेश ट्रेडिंग कंपनी को दिया गया है। यदि खाद मालिक वैध दस्तावेज पेश नहीं करती है तो ट्रक सहित खाद को शासन के नियमानुसार राजसात जैसे या वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है।

अनुविभागीय अधिकारी पिथौरा ओंकारेश्वर सिंह ने बताया कि आज लारीपुर के पास ट्रक क्रमांक सीजी 06 जी एन 88 11 रासायनिक खाद से भरी ट्रक जंगल में सड़क किनारे फंस गई थी । ट्रक में लोड खाद को कृषि विभाग पिथौरा के द्वारा जब्त किया गया है । जब्त खाद के बारे में कृषि विभाग पिथौरा के द्वारा जांच पड़ताल की जाएगी। खाद मालिक के बारे में एवं कहां से कहां परिवहन किया जा रहा था जांच के बाद पता चल सकेगा। फिलहाल खाद को जब्त किया गया है।

# कोडार बांध में 70 प्रतिशत जल भराव, अब 21.40 फीट पानी

## लगातार बारिश से जंगल, नालों व खेतों से पहुंच रहा पानी, किसानों के लिए राहत की खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में लगातार हो रही बारिश और बागबाहरा क्षेत्र में भी हुई अच्छी बारिश के फलस्वरुप इसका सीधा असर कोडार बांध में देखने को मिल रहा है। बागबाहरा तहसील में बारिश होने से यहां का पानी सीधा कोडार में पहुंचता है। बता दें कि पिछले पांच दिनों से हो रही लगातार बारिश से बागबाहरा के कैचमेंट एरिया से पर्याप्त पानी आने के कारण कोडार बांध में कुल क्षमता का 70 प्रतिशत जल भराव हो गया है और यह क्रम लगातार जारी है। कोडार बांध में अभी तक 21.40 फीट पानी भर गया है।

बता दें कि 30.50 फीट कुल क्षमता वाले कोडार बांध में बागबाहरा के नवापारा, खल्लारी, पटेवा, गबौद, सरायपाली, खैरवार, ठुमसा सहित 14 गांव कोडार बांध के कैचमेंट एरिया में आते हैं। जब बारिश होती है तो इन गांवों के जंगल, नालों व खेतों से पानी बहकर कोडार बांध तक पहुंचता है जिससे बांध में पर्याप्त पानी एकत्रित होता है। बाद बांध में एकत्रित इस पानी का उपयोग खरीफ फसल धान के लिए एक साल दांए नहर से व दूसरे साल बांए नहर से सिंचाई के लिए किया जाता है। इसके अलावा ग्रीष्मकाल में दांए व बांए नहर से लगभग 50 गांवों के तालाब भरे जाते हैं ताकि इन गांवों में निस्तारी की समस्या न हो। इस साल 1 अप्रैल से 4 मई तक निस्तारी के लिए बांध से पानी छोड़ा गया। बाद कोडार में 5.70 फीट पानी शेष रह गया था।




गर्मी में पानी के वाष्पीकरण के बाद 5.30 फीट पानी बचा था। मानसून की शुरूआत में हुई बारिश के बाद बांध का जलस्तर 1 जुलाई को 7.50 फीट हो गया था।

### कोडार तीन दिन में 3.7 फीट जल भराव

गर्मी में निस्तारी के लिए पानी देने के बाद 29 जून को कोडार में 5.30 फीट पानी था। जो मानसून की शुरूआत के बाद 1 जुलाई को 7.50 फीट, 10 जुलाई को यह बढ़कर 14.50 फीट हो गया। पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश जारी है। जिससे बागबाहरा के कैचमेंट एरिया से बांध में लगातार पानी एकत्रित हो रहा है। 25 जुलाई को बांध में 17.70 फीट पानी था जो अब 21.40 फीट हो गया है। पिछले पांच दिनों में ही कोडार में 3.7 फीट पानी भरा है।

### 43 साल में एक बार भी सफाई नहीं

साल 1982 में बने कोडार बांध की लगभग 43 साल में एक बार भी सफाई नहीं हुई है, जिससे बाध में सिल्ट जमा हो गया है और बाध की जलभराव क्षमता 15 फीसद कम हो गई है। अगर समय रहते ही बांध में जमी सिल्ट की सफाई नहीं होती है तो धीरे-धीरे सिल्ट बढ़ने से खरीफ फसल धान व निस्तारी के लिए समस्या उत्पन्न हो सकती है। विभाग के अनुसार चार साल पहले सर्वे में बांध में सिल्ट जमा होने की बात सामने आई थी। विभाग के अनुसार सिल्ट की सफाई के लिए जल संसाधन विभाग को केन्द्र सरकार से अनुमति लेना होती है। इसके लिए विभाग ने प्रस्ताव भी भेजा है। अब विभाग को प्रस्ताव पर स्वीकृति का इंतजार है।

## आधुनिकीकरण बेहाल: ट्रेनों के इंतजार में प्लेटफार्म पर बैठने वाले यात्री हो रहे परेशान

# रेलवे स्टेशन में शेड से टपक रहा पानी, भीगते हुए निकल रहे यात्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय स्थित रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 16 करोड़ की लागत से आधुनिकीकरण किया जा रहा है। लेकिन, गुणवत्ता हीन कार्य के चलते आगामी दिनों में इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना होगा। प्लेटफार्म में लगाए गए शेड लोगों को पानी से बचाने की बजाय भीगो रहे हैं। टपकते पानी के कारण लोगों को बारिश में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

प्लेटफार्म पर लगाई गई कुर्सियों पर मुसाफिर बैठ भी नहीं पा रहे हैं। वर्षा होने पर यात्रियों को कुर्सी पर बैठने की बजाय इधर-उधर भटकना पड़ता है। रेलवे स्टेशन में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 16 करोड़ की लागत से आधुनिकीकरण का कार्य जारी है। कहीं शेड लगे हैं तो कहीं पर नहीं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत अगस्त 2023 से निर्माण कार्य जारी है। लगभग दो साल से कार्य जारी है। इसके अलावा कई जगह स्टेशन परिसर में पानी भी भर रहा है। इस कारण यात्री प्रतीक्षालय में बैठ भी नहीं पा रहे हैं। लोगों को टिकट काउंटर पर बैठना पड़ रहा है। रात में यात्रियों को दिक्कत होती है।

### विश्राम के लिए जगह उपलब्ध नहीं

निर्माण कार्य के चलते महिला यात्रियों को वेटिंग हॉल कॉमन रूम उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इसके चलते महिला यात्रियों को दिक्कत होती है। ट्रेनों के देर से आने पर परेशान होना पड़ता है। शेड से पानी टपकने के कारण लोग विश्राम भी नहीं कर पा रही हैं। यात्री ट्रेन आने पर ही यात्रियों को पानी उपलब्ध हो पाता है। एक वाटर कूलर टिकट काउंटर के पास लगा हुआ है, लेकिन प्लेटफार्म पर अन्य जगह पानी नहीं आता।

### बंद किया गया अस्थाई मार्ग भी

पहले रेलवे स्टेशन जाने के लिए अस्थाई आने-जाने में लिए रास्ता बनाया गया था, उसे भी बंद कर दिया गया है। लोगों को टिकट काउंटर के पास से ही रेलवे स्टेशन में प्रवेश करना पड़ रहा है। रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य अक्टूबर में पूर्ण होने की उमीद है।

# संकल्प से सफलता तक, महिला समूह ने बदली परिवार की जीवन की दिशा

**महासमुंद।** नगर के वार्ड क्रमांक 11 की रहने वाली एक साधारण लेकिन संकल्पित महिला ने दिखाया कि यदि इच्छाशक्ति मजबूत हो और अवसर का सही उपयोग किया जाए, तो कोई भी परिवार आत्मनिर्भर बन सकता है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की सीओ प्रेमशीला ने बताया कि गरीब परिवारों की 10 महिलाओं का यह स्वयं सहायता समूह छोटे-छोटे व्यवसायों के माध्यम से अपनी आजीविका चला रहा था। शासन की योजनाओं के तहत इन्हें बैंक से 3 लाख रुपये का ऋण दिलवाया गया ताकि वे अपने व्यवसाय को सशक्त बना सकें। इन्हीं में से एक महिला सदस्य गंगा बाई निर्मलकर ने यह ऋण लेकर अपने परिवार की स्थिति बदलने का प्रयास किया। उनके पति दूजराम निर्मलकर मूलतः ड्राई क्लीनर का कार्य करते थे। और वो खुद अपने पति का हाथ बंटाती थी। उनके पति पुराने टू-व्हीलर से वे घर-घर जाकर कपड़े एकत्र करते थे, जो बरसात और धूल के कारण खराब हो जाते थे। इससे उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था और ग्राहक भी असंतुष्ट रहते थे। इस स्थिति को बदलने के लिए उनकी पत्नी गंगा बाई निर्मलकर ने महिला समूह के माध्यम से बैंक से मिले ऋण का उपयोग कर एक इलेक्ट्रॉनिक ई-रिक्शा खरीदा और घर-घर जाकर प्रेस के कपड़े उसी ई-रिक्शा से एकत्र करने लगे। जिससे न सिर्फ कपड़ों की सुरक्षा होती है बल्कि कार्यक्षमता भी बढ़ी है। ई-रिक्शा से समय बचने पर दूजराम स्कूलों में बच्चों को लाने-ले जाने, शिक्षकों को पहुंचाने जैसे सवारी कार्य भी करने लगे हैं, जिससे उनकी आय में इजाफा हुआ है। आज वे हर महीने 5 से 6 हजार रुपए तक की आय कर लेते हैं। वहीं, उनकी पत्नी प्रेस और ड्रायक्लीन के काम से 7-8 हजार रुपए तक कमा रही हैं।

## खबर संक्षेप

### इलाज के अभाव में नहीं रुकनी चाहिए किसी बच्चे की धड़कन

रायपुर। जिला प्रशासन की एक और नवाचार पहल प्रोजेक्ट धड़कन के तहत केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 रायपुर में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों की हृदय रोग से संबंधित जांच की गई। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने कहा की हम प्रोजेक्ट धड़कन के माध्यम बच्चों को होने वाले हृदय की समस्या से बचाना चाहते है, कई बार सही समय पर पता नहीं चलने पर समस्या का सामना करना पड़ता है । इस योजना के माध्यम से सभी बच्चो के हृदय की जांच की जाएगी और कुछ कमी पाए जाने पर श्री सत्य साई हॉस्पिटल नवा रायपुर में इलाज किया जाएगा । कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी और शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की प्रारंभिक पहचान और निशुल्क इलाज सुनिश्चित करना है।

# लंबर विद्यालय में छात्र संघ पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

लंबर दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र संघ पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। सबसे अतिथियों द्वारा मां भारती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों का स्वागत किया। छात्रों में नेतृत्व क्षमता के विकास एवं जिम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार करने के लिए छात्र संघ का गठन किया गया, जिसमें विभिन्न पदों पर छात्र-छात्राओं को जिमेदारी दी गई। जिसमें सृष्टि राणा शाला नायक 12वीं विज्ञान, रश्मि साहू उप शाला नायक 11वीं विज्ञान, वंदना साहू विज्ञान सचिव 12वीं विज्ञान, प्रशांत साहू क्रीड़ा सचिव 12वीं विज्ञान, तन्नु पटेल सांस्कृतिक सचिव 11वीं विज्ञान, चंद्रशेखर साहू रेडक्रॉस सचिव 11वीं विज्ञान, पवन बरिहा स्काउट सचिव 12वीं विज्ञान, कृष्ण कुमार पटेल पर्यावरण, स्वास्थ्य सचिव 12वीं विज्ञान, विद्या साहू छात्रा प्रतिनिधि 11वीं कला, विक्की पटेल एनएसएस दल नायक 12वीं विज्ञान, दीपा जायसवाल एनएसएस दल नायिका 12 वीं विज्ञान, भारती साहू कक्षा नायक 9 वीं, रोशनी साहू कक्षा नायक 10 वीं, नीता पटेल कक्षा नायक 11 वीं कला, चैतन्या साहू कक्षा नायक 11वीं विज्ञान, हेमकुमार सिदार कक्षा नायक 12 वीं कला, मिनाक्षी साहू कक्षा नायक 12 वीं विज्ञान को जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, जिला पंचायत सभापति देवकी दीवान, पूर्व जनपद अध्यक्ष रुकमणी पटेल द्वारा शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मोंगरा किशन पटेल अध्यक्ष जिला पंचायत, अध्यक्षता देवकी पुरुषोत्तम दीवान सभापति जिला पंचायत महासमुंद, विशिष्ट अतिथि के रूप में रुकमणी सुभाष पटेल पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत बसना, किशन पटेल किसान नेता, सोमनाथ पटेल कोषाध्यक्ष भाजपा मंडल भंवरपुर, घसिया सिदार जनपद सदस्य बसना, मदन चौरसिया सरपंच लंबर, आरआर पटेल कोषाध्यक्ष दुर्गा शिक्षण व सेवा समिति लम्बर, पदुम लोचन पटेल, मनबोध मिरी मीडिया प्रभारी भाजपा मंडल केदुवां, अंगद साहू, अभिमन्यु पटेल, पी पटेल प्रचार्य मंचासीन रहे। शपथ ग्रहण समारोह में जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे, समारोह में मोंगरा पटेल, देवकी दीवान, रुकमणी पटेल, किशन पटेल ने संबोधित किया, जिन्होंने छात्रों को अनुशासन नेतृत्व एवं छात्र संघ के उत्तर दायित्वों पर प्रेरणा दायक मार्गदर्शन दिया। और छात्रों के नेतृत्व और समाज सेवा के अनुभव साझा किया। सम्मान समारोह में कक्षा में प्रथम स्थान अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं को जिसमें कक्षा 9वीं रोशनी साहू, कक्षा 10 वीं रश्मि साहू, कक्षा 11 वीं सृष्टि राणा, कक्षा 12 वीं मनीषा साहू एवं बेस्ट स्टुडेंट्स पुरस्कार पदुम लोचन पटेल शिक्षक बिछियां द्वारा अपने दादा की स्मृति में दिया जाता है, यह खिताब मनीषा साहू को दिया गया। मोंगरा पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा सावन झूला, देवकी दीवान जिला पंचायत सभापति द्वारा 40 नग कुर्सियां, घसिया सिदार जनपद सदस्य द्वारा लेक्चर स्टैंड, सुभाष पटेल रामकृष्ण मेडिकल स्टोर्स सागरपाली द्वारा लेक्चर स्टैंड प्रदान किया गया।



### प्रेम एक प्रकृति के साथ जोड़ना है एक पेड़ मां के नाम

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देशव्यापी आव्हान एक पेड़ मां के नाम के तहत बसना विकास खंड के अन्तर्गत दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लम्बर में वृहद पौधरोपण किया गया। आज जिस तरह से देश और दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग के चलते भीषण गर्मी और अकाल जैसी स्थित निर्मित हो रही है। पेड़ की कमी और बारिश की अथवा असमय बारिश की चिंता दिनों दिन बढ़ती जा रही है। पहले की अपेक्षा तापमान भी बढ़ रही है जिसको नियंत्रित करने का एकमात्र उपाय वृहद वृक्षारोपण ही है। वृक्ष के कमी के कारण अनेक प्रकार की समस्याएं दिनों दिन बढ़ती जा रही है साथ ही वातावरण भी वृक्ष की कमी के कारण दूषित होती जा रही है। इस कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित जन को अपने जन्मदिन,विवाह दिन के साथ-साथ अपने ईस्ट मित्र तथा परिवार जनों के जन्मदिन और विवाह वर्षगांठ पर एक पेड़ आवश्यक रूप से लगाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शाला परिवार व शिक्षक जे के जायसवाल, बीएल साहू, एलके साहू, एमडी मानिकपुरी, एलके सिदार, सीआर जायसवाल, टीआर जायसवाल, एफएल बरिहा, खिरोद सिदार का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन आर के पटेल (कार्यक्रम अधिकारी) एवं आभार प्रदर्शन जीपी पटेल प्राचार्य ने किया।

# सामुदायिक भवन एवं सीसी रोड निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



बुधवार को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ग्राम अछोला में भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। गांव में सामुदायिक भवन एवं सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधि विधान से हुआ।

इस अवसर पर उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि राज्य में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार संवेदनशील सरकार है। हर वर्ग के प्रति समर्पण के साथ सरकार कार्य कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के पहुंच मार्ग को दुरुस्त किया जा रहा है। इससे हर ग्राम तक विकास पहुंचेगा। पहुंच मार्ग के साथ गांवों के भीतरी सड़कों को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश के दिनों में होने वाली समस्याओं को दूर किया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में खुशहाली आ रही है। वहीं सामुदायिक भवन के निर्माण से विभिन्न कार्यक्रमों के लिए ग्रामीणों को एक सुनिश्चित स्थान मिल रहा है। इसके अलावा शहरी क्षेत्रों में भी विकास कार्य तेजी से चल रहा है। महासमुंद में गौरव पथ का चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य चल रहा है। महासमुंद से तुमगांव मार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, भाजपा तुमगांव मंडल अध्यक्ष तेजेंद्र शर्मा, मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश साहू, संदीप घोष, रोहित चंद्राकर, पप्पू पटेल, ग्राम सरपंच संतोष कुमार साहू, उपसरपंच विश्वनाथ धीवर, भाजपा नेता राजू साहू, आनंद साहू, जिला पंचायत सदस्य सृष्टि चंद्राकर, जनपद पंचायत सदस्य योगेश्वरी राजेश साहू, राजेश साहू, मधु चौहान, ललित साहू, योगेश ठेठवार, आकाश पांडे, अभिषेक पांडे, शरद राव, सहित अन्य उपस्थित थें।

# शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए पुरानी और आधुनिक तकनीकी का समन्वय कर नवाचार जरूरी : भीखम

## जिला स्तरीय शिक्षा स्थायी समिति की हुई समीक्षा बैठक, बच्चों के सर्वांगीण विकास पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पंचायत महासमुंद के सभापति एवं शिक्षा स्थायी समिति के अध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में भीखम ठाकुर ने कहा कि सभी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जनप्रतिनिधियों, पालकों एवं शिक्षकों को सामूहिक रूप से कार्य करना होगा। शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए पुरानी और आधुनिक तकनीकी का समन्वय कर नवाचार अपनाना आवश्यक है। बैठक में शिक्षा समिति की सदस्य देवकी पुरुषोत्तम दीवान एवं सीमा लोकेश नायक विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

ज्वाइन डायरेक्टर रायपुर संजीव श्रीवास्तव ने भी बैठक में शिरकत की और पुस्तक वितरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी बच्चों को शत-प्रतिशत पुस्तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने वर्ष 2025-26 के अंतर्गत पुस्तक वितरण, गणवेश वितरण, सरस्वती साइकिल योजना,



मध्यान्ह भोजन, किचन गार्डन, जर्जर भवनों की मरम्मत एवं मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक स्कूल का व्यक्तिगत मूल्यांकन करते हुए सभी प्राचार्य और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीईओ लहरे ने यह भी निर्देशित किया कि अति जर्जर भवनों में कक्षा संचालन तत्काल बंद किया जाए तथा मरम्मत के लिए शीघ्र प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाएं। उन्होंने अपार आईडी से संबंधित अद्यतन स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी के सभी विद्यार्थियों का आधार अपडेट कराना सुनिश्चित किया जाए, जिससे अपार आईडी जनरेट कर आगे की प्रक्रिया की जा सके। मिशन लाइफ के तहत एक पेड़ मां के नाम योजना में एंट्री बढ़ाने के लिए भी प्राचार्य और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक को डीएमसी रेखराज शर्मा ने भी संबोधित किया एवं मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत प्रस्तावित सोशल ऑडिट और विद्यालयों की मानिटरिंग व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने की बात कही। उन्होंने समय-सारणी, पाठ्यक्रम एवं विद्यार्थी विकास सूचकांक पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक संचालक सतीश नायर, नंदकिशोर सिन्हा, डीपीओ कमल नारायण चंद्राकर, खेल अधिकारी अंजली बरमाल, समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसीसी एवं हाई स्कूल/हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यगण उपस्थित रहे।

# शबाब को मिली क्रिकेट शोध में पीएचडी की उपाधि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के संस्थापक और वरिष्ठ एनआईएस क्रिकेट कोच मो. शबाब बख्श कुरैशी ने मैट्स यूनिवर्सिटी से प्रोफ़ेसर डॉ. अलोक सिंग के मार्गदर्शन में क्रिकेट खेल के क्षेत्र में डॉक्टरेट (पीएचडी) की उपाधि प्राप्त की है। मोटर कौशल पर आधारित अंडर-19 क्रिकेट खिलाड़ियों की व्यक्तित्व एवं कौशल क्षमता का तुलनात्मक अध्ययन विषय पर उन्होंने देश के उभरते क्रिकेट खिलाड़ियों की मानसिकता, तकनीकी दक्षता और सीखने की योग्यता का गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया। डॉ. शबाब कुरैशी ने अपनी इस सफलता का श्रेय सबसे पहले अपने माता-पिता को दिया। साथ डॉ. रीता वेणु गोपाल राव, डॉ.सीडी अगासे, डॉ रविंद्र मिश्रा, डॉ राजीव चौधरी, डा.विजय चौरसिया, नवीन शर्मा, ज्ञानेश शर्मा, इशाक खान, प्रोफ़ेसर हुसैन उल्लाह खान, डॉ. आयाज़ अहमद खान, एडवोकेट सलीम कुरैशी, इमरान अहमद, नैना श्रीवास्तव, सरला सोनी, जमशेद रजा, जया ठाकुर, शेख वहीद को दिया। इस उपलब्धि पर राज्यभर के क्रिकेट खिलाड़ियों, अभिभावकों, खेल प्रेमियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने हर्ष जताया है।

# अरंड में खेल कलेवा का आयोजन, पौष्टिक स्नैक्स बनाकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड(पिथौरा)

ग्राम अरंड के पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण में यूनिसेफ व जिला प्रशासन और एनआईटी रायपुर के सहयोग से खेल कलेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ग्राम नागरिक शिवचरण ध्रुव, विशिष्ट अतिथि यूनिसेफ प्रभारी सृष्टि शंकर एवं अध्यक्षता संस्था प्रमुख रोहिणी कुमार देवांगन रहे।

कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती मां के तस्वीर में पूजा अर्चना कर किया गया। पूजा के उपरान्त शाला के बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। स्वागत उद्बोधन में कार्यक्रम संचालिका स्वाति द्वारा खेल कलेवा का उद्देश्य साझा करते हुए बताया गया कि किशोर बालक-बालिकाओं में एनीमिया की कमी को दूर करने के लिए खान पान में बदलाव के लिए यूनिसेफ के माध्यम से रिसर्च किया जा रहा है। वर्तमान परिवेश में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध प्राकृतिक एवं आर्गेनिक शाक- भाजी और अंकुरित अनाज, कंदमूल और स्थानीय फल-फूल को अपने आहार में सम्मिलित करने से व्यवहार में परिवर्तन का परीक्षण



किया जाएगा।

कार्यक्रम में चयनित माताओं द्वारा पौष्टिक स्नैक्स बनाकर प्रदर्शन किया गया। जिसमें प्रथम रैनी बाई ध्रुव, द्वितीय गोदावरी ध्रुव, तृतीय भोगेश्वरी ध्रुव स्थान ने प्राप्त किए। किशोर-किशोरियों के लिए फुर्ती और चतुराई पर आधारित खेल का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान हसीना बरिहा, द्वितीय हीना ध्रुव, तीसरा कुलेश्वर यादव थे। सभी विजेताओं को बीआईयू टीम द्वारा पुरस्कार दिया गया। बीआईयू टीम द्वारा पौष्टिक युक्ति आहार ब्रेकफास्ट और भोजन में लेने के लिए बच्चों और माताओं को अनुरोध किया गया।

जिससे किशोर-किशोरियों में सर्वांगीण विकास हो सके। बीआईयू टीम द्वारा 63 दिनों तक ट्रैकर के माध्यम से जानकारी एकत्र की जाएगी, जिसका रिपोर्ट यूनिसेफ को दी जाएगी। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक चित्ररेखा साहू द्वारा पौष्टिक आहार के संबंध में जानकारी दी गई। शिवचरण ध्रुव, प्रदीप कर, रोहिणी कुमार देवांगन द्वारा भी पौष्टिक आहार संबंधी जानकारी साझा किया गया। शिक्षा विभाग से प्रदीप कर, नकुलराम साहू, गंगा पैकरा, आंगनबाड़ी से देवकुमारी ध्रुव, मीना साहू, पंच रोहित पटेल, सचिव लेखराम जगत, किसल ध्रुव, प्रमिला ध्रुव, भुनेश्वरी ध्रुव, अंजू ध्रुव, लक्ष्मी साव, योगेश्वरी ध्रुव, मीना बरिहा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक शैलेन्द्र सिन्हा और आभार प्रदर्शन जयराम पटेल ने किया।

# शिव मंदिर जाने का रास्ता बदहाल श्रद्धालुओं को हो रही भारी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

नगर से 20 किमी दूर ग्राम बलौदा में भदरा तालाब के पास स्थित क्षेत्रवासियों के आस्था के केंद्र शिव मंदिर और चंडी मंदिर के मध्य सड़क अत्यधिक खराब होने के कारण श्रद्धालुओं को बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए ग्रामवासियों द्वारा शासन प्रशासन से इस ओर विशेष संज्ञान लेने और अतिशीघ्र सड़क मरम्मत करवाने की मांग की गई है। बलौदा के ग्रामीणजनों चतुर्भुज अग्रवाल, बबलू प्रधान, विनोद दीवान, जयदेव पदमुन, हेमंत बाघ, रवि महाराज, रोहित महापात्र, सुरेंद्र महापात्र, रविंद्र महापात्र आदि ने बताया कि सरायपाली से बलौदा की दूरी 20 किमी है। यहां का भदरा तालाब काफी प्रसिद्ध है, जो 100 एकड़ में फैला हुआ है। तालाब के मेड़ पर शिवलिंग स्वयं भूगर्भ से निकला हुआ है। वहीं शिव मंदिर से लगभग 300 मीटर की दूरी पर चंडी मंदिर है, जो यहां के क्षेत्रवासियों की आस्था का एक प्रमुख केंद्र है। उन्होंने बताया कि शिव मंदिर में साल भर भक्तों की भीड़ रहती है, जो सावन के महीने में बहुत अधिक बढ़ जाती है। यहां आने वाले श्रद्धालु दोनों ही मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए जाते हैं। पूर्व में बलोदिया परिवार द्वारा आवागमन की सुविधा को देखते हुए दोनों मंदिरों के बीच सड़क पर मुरूम बिछाया गया था, जो बारिश के बाद कीचड़ युक्त हो गया है। वर्तमान में इस मार्ग से चलने पर श्रद्धालुओं को बहुत अधिक परेशानी हो रही है। ग्रामीणों के द्वारा जल्द ही शासन-प्रशासन से इसपर संज्ञान लेने की मांग की गई है।

# गौ-माताओं की सुरक्षा पर प्रशासन सतर्क, कलेक्टर ने जल्द कार्रवाई का दिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

राष्ट्रीय राजमार्गों पर बेसहारा गौ-माताओं की बढ़ती दुर्घटनाओं और गौठानों की दुर्दशा को लेकर भारतीय गौ क्रांति मंच के जिला अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल ने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह को ज्ञापन सौंपा। इस गंभीर मुद्दे पर कलेक्टर ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि प्रशासन गौ-रक्षा और सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देगा।

पिथौरा निवासी सौरभ अग्रवाल ने ज्ञापन में प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई, गौठानों के जीर्णोद्धार के लिए सीएसआर और डीएमएफ फंड के उपयोग तथा जिला पशु चिकित्सालय में घायल गायों के लिए विशेष वार्ड की मांग कलेक्टर से की। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने इस पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए कहा कि बेसहारा गायों के सड़क पर विचरण को रोकने, गौठानों के पुनर्निर्माण और पशु चिकित्सालय में विशेष व्यवस्था के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि गौ-माताओं की सुरक्षा के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे और लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

भारतीय गौ क्रांति मंच ने प्रशासन के इस आश्वासन का स्वागत किया है। इस दौरान मंच के जिला संयोजक ईवन साहू, संकित जैन, गौसेवक राजा अग्रवाल, सुमन सेंद्रे, दानू सिन्हा, आकाश झरिया, रितेश गोलछा, अंशु सिन्हा, श्रेयांश श्रीवास्तव, सूरज यादव और अनिल सेन भी उपस्थित रहे।

## जनप्रतनिधियों ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर शहर में बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर की चर्चा

# वार्डों में अवैध शराब व नशीली दवाइयों के कारोबार पर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के सभी वार्डों में अवैध शराब, नशीली दवाइयों पर रोक लगाने की मांग को लेकर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष नानू भाई, भाजपा शहर महामंत्री मीना वर्मा, शहर उपाध्यक्ष गण मुन्ना साहू, राजू चंद्राकर, पार्षदगण सुनैना पप्पू ठाकुर, सीता डोंडेकर, जरीना हफीज कुरैशी, माखन पटेल, कल्पना सुर्यवंशी, माधुरी धनीराम यदु, प्रीति बादल मक्कड़, चंद्रशेखर बेलदार, भारती राजेंद्र चंद्राकर, भाउराम साहू, पीयूष साहू, शुभ्रा मनीष शर्मा, धनेश्वरी सोनवानी, सोनाधर सोनवानी, नगर पालिका विधायक प्रतिनिधि हफीज कुरैशी ने पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभा पांडेय को ज्ञापन सौंपा।

उक्त नेताओं एवं पार्षदों ने अधिकारी से अवैध शराब को लेकर लंबी चर्चा की। उन्हें बताया कि 1 माह पहले पार्षद के ऊपर थाना के भीतर अवैध शराब कारोबारी असामाजिक लोगों ने जानलेवा



हमला किया। इसी दरम्यान पिटियाझर रोड में जड़ी बूटी वाले को जान से मारा गया। नयापारा, सुभाष नगर, बस स्टैंड, डा. अंबेडकर चौक समेत सभी वार्डों में अवैध शराब व नशीली दवाओं के साथ जन मानस में बुरा प्रभाव डाल रहे है। कांग्रेस के शासनकाल के समय के लोग आज भी धड़ल्ले से अवैध धंधा कर रहे है। कांग्रेस कार्यकाल में अवैध धंधे में लगे लोगों पर अंकुश लगाना आवश्यक है। इस दौरान ट्रैफिक व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शहर में आए दिन दुर्घटना हो रही है। सरकारी आकड़ों के अनुसार महासमुंद में 6 माह के अन्दर 40 लोगों की जनहानि हुई है। इस पर रोकथाम के लिए बस ड्रायवर, कार वाले जो शहर में स्पीड से गाड़ी चलाते है उन पर सख्ती बरती जाए। पुलिस अधीक्षक ने अवैध शराब में लगे जगहों को चिन्हित कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

ट्रैफिक व अन्य अपराधों के लिए शहर में लगभग 55 से अधिक हाई कैपिसिटी के कैमरे लगाए गए है, जिसके माध्यम से कंट्रोल की बात कही और भी जनसहयोग से कैमरे लगाने का अनुरोध किया गया। खासकर अवैध शराब एवं अवैध कारोबार पर शिकंजा कसने की बात अधिकारी द्वारा कही गयी।

किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा



सर्जरी से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध
- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- पाइल्स (फ़िस्टुला) का ऑपरेशन
- स्तन में गांठ का ऑपरेशन
- आंतो में रुकावट का ऑपरेशन
- हर्निया व अंडकोष का ऑपरेशन
- फ्रैक्चर एवं हड्डी के समस्त ऑपरेशन
- पथरी एवं मूत्र रोग, प्रोस्टेट ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन
- पुरुष एवं महिला नसबंदी ऑपरेशन
- थायराइड का ऑपरेशन
- कान पर्दे के छेद का ऑपरेशन

लेप्रोस्कोपिक सर्जरी उपलब्ध
विशेषता :
- छोटे चीरे द्वारा ऑपरेशन
- कम समय में अस्पताल से छुट्टी
- कम रक्तस्त्राव व कम दर्द वाला ऑपरेशन
- संक्रमण की न्यूनतम संभावना
- कम खर्च

AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम
100 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल | 24x7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध है
आयुष्मान/राशन कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100 बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### कनेकेरा में गंगा आरती व चुनरी अर्पण 4 को

**महासमुंद।** स्वयंभू कनेश्वर युवा विकास समिति कनेकेरा द्वारा 4 अगस्त सोमवार को शाम 6 बजे कनेकेश्वर महादेव प्रांगण में विशाल चुनरी अर्पण एवं शिवगंगा महाआरती का आयोजन पं. पकंज तिवारी के सानिध्य में किया जाएगा। मुख्य जजमान मितेंद्र चंद्रकांता चंद्राकर होंगे। आयोजन समिति के अनुसार शिवगंगा को 251 फीट की चुनरी अर्पण की जाएगी। आयोजन को लेकर समिति के सदस्यों और ग्रामीणों में खासा उत्साह है।

### गायत्री मंदिर बेमचा में काव्य गोष्ठी कल

**महासमुंद।** अयोध्यानगर जन कल्याण सेवा समिति एवं पेशनर्स एसोसिएशन महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में 01 अगस्त को गायत्री मंदिर परिसर बेमचा में अपरान्ह 2 बजे से राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त व्याख्याता आरके श्रीवास्तव के सम्मान में पावस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया है। इस काव्य गोष्ठी में स्थानीय कविगण काव्य पाठ करेंगे। कार्यक्रम में आरके श्रीवास्तव को सम्मानित किया जाएगा। काव्य गोष्ठी उपरांत 3 बजे से पेंशनर्स एसोसिएशन की नियमित मासिक बैठक प्रारंभ होगी, जिसमें संगठनात्मक चर्चा, नए सदस्यों का स्वागत, संबोधन आदि कार्यक्रम होगा। पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रामकुमार साहू, उपाध्यक्ष चन्द्रबदन मिश्रा, गोर्वधन साहू, आर साहू, सचिव शिवकुमार साहू, सहसचिव राधेश्याम दुबे, संगठन मंत्री चमन साहू, भूषण भोसले एवं समस्त पदाधिकारियों ने सभी पेंशनरों से इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

### नोटों से भरा बैग छीनकर भागा बदमाश, धरा गया

**रायपुर।** डीडीनगर थाना क्षेत्र के वर्धमान पेट्रोल पंप पर नोटों से भरा बैग छीनकर फरार हुए आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना 17 जुलाई को सुबह करीब 11.30 बजे की है।



सत्यम विहार कॉलोनी निवासी डोमेश्वरी साहू रायपुरा स्थित वर्धमान पेट्रोल पंप में नौकरी करती है। घटना के दिन वह ग्राहकों के दिए पैसे बैग में रखकर उसे अपनी कमर में लटका रखा था। इसी दौरान दोपहिया वाहन पर सवार बदमाश पेट्रोल पंप पहुंचा और पेट्रोल डलवाकर वहां से चला गया। कुछ देर बाद दोबारा वहां पहुंचा और डोमेश्वरी के पास रखा बैग झपट्टा मारकर छीन लिया और फरार हो गया। पुलिस ने मामले में आरोपी इंतेशान खान निवासी आंबेडकर चौक राजा तालाब को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बैग, नकदी एवं घटना में प्रयुक्त वाहन को जब्त किया है। पुलिस ने जिस वाहन को जब्त किया है, वह भी चोरी का है।

# शहीद एएसपी आकाश राव को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा खरोरा स्थित शहीद स्मारक में शहीद एएसपी आकाश राव गिरिपुंजे को श्रद्धांजलि दी।

श्रद्धांजलि सभा में बताया गया कि एएसपी आकाश राव एक साहसी, निष्ठावान और कर्तव्यपरायण पुलिस अधिकारी थे। उनकी वीरता और ईमानदारी के लिए उन्हें कई गैलेंट्री अवॉड्र्स से सम्मानित किया जा चुका था। उनकी शहादत राष्ट्र और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। सभा में उपस्थित सभी लोगों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत अधिकारी के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की गई।



इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, परिषद के अध्यक्ष युवराज चंद्राकर, पूर्व सैनिक प्रदीप चंद्राकर (सीनियर), आरपी साहू, नारायण चंद्राकर, नंदकिशोर सिन्हा, प्रदीप चंद्राकर (जूनियर), मायाराम साहू, सहदेव ध्रुव, अंजना चंद्राकर, केशरी साहू, आकांक्षा पांडे एवं सर्व समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### जिला सैनिक कल्याण अधिकारी का आगमन

खरोरा स्थित शहीद स्मारक में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी पूर्व कैप्टन अनिल कुमार शर्मा का आगमन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्यों को संबोधित करते हुए कैप्टन शर्मा ने कहा कि भारतीय सेना देश का गौरव है। उन्होंने सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। शर्मा ने बताया कि पूर्व सैनिकों को कानूनी सहायता निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही उनके बच्चों के लिए पीएम स्कॉलरशिप और पूर्व सैनिकों की महिलाओं को स्वरोजगार के लिए बैंक से आर्थिक सहायता जैसी योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के तिवारी ने भी पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के कल्याण के लिए चल रही सुविधाओं की जानकारी दी। अंत में परिषद अध्यक्ष युवराज चंद्राकर ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में कन्हैया लाल सोनी, प्रदीप चंद्राकर (सीनियर/जूनियर), कनक राम निषाद, आर.पी. साहू, सहदेव ध्रुव, रविंद्र नायक, पीएन दीवान, गोपेंद्र मुंडा, लक्ष्मीचंद्र घृतलहरे, नंदकिशोर सिंह, अंजना चंद्राकर, सरला सोनी, सीमा वर्मा, पूर्णिमा निषाद सहित कई पूर्व सैनिक एवं महिलाएँ उपस्थित रहीं।

**मुलाकात :** प्रतिनिधिमंडल ने पीठ से जुड़ी जनहितकारी आवश्यकताओं पर की चर्चा

# अन्नपूर्णा महाकाली सिद्ध शक्ति ज्योर्तिमय पीठ की मांगों को लेकर विधायक से मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा

मां अन्नपूर्णा महाकाली सिद्ध शक्ति

- तीन बिंदुओं की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

ज्योर्तिमय पीठ के संचालक मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव से सौजन्य मुलाकात कर एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने पीठ से जुड़ी जनहितकारी आवश्यकताओं और धार्मिक आस्थाओं को दृष्टिगत रखते हुए तीन प्रमुख मांगें विधायक के समक्ष रखीं।

प्रतिनिधियों ने बताया कि यह मातृधाम क्षेत्र लगभग 27-28 ग्राम्यांचलों के मध्य स्थित है, जो जन-जन की गहरी श्रद्धा एवं आस्था का केंद्र है। यहां बीते तीन दशकों से प्रत्येक पूर्णिमा और अमावस्या को अनवरत रूप से पाक्षिक यज्ञ भंडारा आयोजित होता आ रहा है, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करने पहुंचते हैं। इतना लंबा और स्थायी धार्मिक आयोजन पूरे छत्तीसगढ़ में एक अनोखी मिसाल है। विशेषकर नवरात्रि के समय यहां प्रदेश के बाहर से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु ज्योति प्रज्ज्वलित करते हैं। प्रतिनिधिमंडल ने मां अन्नपूर्णा धाम की भौगोलिक और धार्मिक विशेषताओं की जानकारी देते हुए बताया कि यहां पहाड़ी की चोटी पर मां दुर्गा की विशाल और भव्य प्रतिमा स्थापित है। वहीं दूसरी ओर पहाड़ी के मध्य क्षेत्र में मां महाकाली मंदिर स्थित है,



#### ये है प्रमुख मांगें

सीढ़ियों का निर्माण–वर्तमान में दुर्गा प्रतिमा स्थल और महाकाली मंदिर तक पहुंचने हेतु कोई व्यवस्थित सीढ़ी नहीं है, जिससे वृद्धों एवं श्रद्धालुओं को भारी कठिनाई होती है। अतः दक्षिण दिशा से ऊपर तक और महाकाली मंदिर होते हुए काली घाट तक सीढ़ियों के निर्माण हेतु 20 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति की मांग की गई। सामुदायिक भवन–अनवरत भंडारा और श्रद्धालुओं की नियमित आवाजाही के कारण एक सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन (5-6 कमरों का) निर्माण आवश्यक बताया गया, ताकि साधु-संतों एवं अन्य अतिथियों को सुविधा मिल सके। ज्योति कक्ष–मनोकामना ज्योति प्रज्वलन की बढ़ती संख्या को देखते हुए एक विशिष्ट ज्योति कक्ष के निर्माण के लिए समुचित राशि की स्वीकृति हेतु विधायक का ध्यान आकर्षित किया गया।

जहां भगवान महाकाल, स्वामी रामकृष्ण परमहंस, मां शारदा और स्वामी विवेकानंद की भी प्रतिमाएं दर्शनीय रूप में स्थापित हैं। तलहटी में बहती बगनई नदी के तट पर काली घाट धार्मिक महत्व रखता है।

#### विधायक ने दिया मांगों के पूरा होने का आश्वासन

जिस पर विधायक द्वारिकाधीश यादव ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरतापूर्वक सुना और आश्वस्त किया कि वे इन मांगों को शीघ्र ही शासन-प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत करेंगे तथा समुचित कार्रवाई कराते हुए जनता की आस्था और सुविधा की दिशा में हर संभव प्रयास करेंगे। धार्मिक आस्था, सामाजिक समर्पण और क्षेत्रीय विकास के समन्वय का प्रतीक बन चुका मां अन्नपूर्णा महाकाली सिद्ध शक्ति ज्योर्तिमय पीठ, अब एक और नई उम्मीद के साथ शासन की ओर देख रहा है, ताकि इसकी ऐतिहासिक और आध्यात्मिक गरिमा को और अधिक संरक्षित किया जा सके। विधायक यादव से मिलने पहुंचे प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से जनहित समिति के अध्यक्ष शेषनारायण गुप्ता, अमेठी धाम समिति के अध्यक्ष सुशील कुमार ध्रुव, आचार्य विमल दुबे, सेवाराम साहू सरपंच तमोरा, प्रमोद साहू सरपंच अमेठी, बिहारी चंद्राकर, रामकृष्ण चंद्राकर, टीकम देवांगन, विष्णु निषाद, गणेश नागेश, देव सिंह नेताम, धनराज ध्रुव, भागीरथी यादव सहित अन्नपूर्णा महाकाली सिद्ध शक्ति ज्योर्तिमय पीठके प्रतिनिधिमंडल के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## बाल श्रम के विरुद्ध जिले में श्रम विभाग की पहल

- ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से बाल श्रम निषेध संबंधी कानूनों की दी जा रही जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग द्वारा बाल श्रम के उन्मूलन के लिए व्यापक स्तर पर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से आमजन को बाल श्रम निषेध संबंधी कानूनों की जानकारी दी जा रही है।

इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के नियोजन को पूर्णतः रोकना और 14 से 18 वर्ष की उम्र के किशोरों को खतरनाक क्षेत्र में कार्यों से दूर रखना है। श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र ने बताया कि बाल श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम के अंतर्गत 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों का किसी भी प्रकार के कार्य में नियोजन पूर्णतः प्रतिबंधित है। वहीं 14 से 18 वर्ष के किशोरों का 107 अधिसूचित कार्यों एवं स्थलों में नियोजन गैरकानूनी है।

# रीपा योजना असफल, इसके लिए जिपं सीईओ जिम्मेदार : डॉ चोपड़ा

## रीपा बंद होने से समूह की महिलाएं हो गई बेरोजगार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डा. विमल चोपड़ा ने राज्य में कांग्रेस शासन द्वारा लगायी गयी रीपा योजना के यूनिट के बंद होने एवं कबाड़ में तब्दील होने के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को जिम्मेदार ठहराया है। अखबारों के माध्यम से प्राप्त जानकारी के अनुसार दो करोड़ की लागत की इस इकाई का कबाड़ में परिवर्तित होना और महिला समूहों का बेरोजगार होना कष्टदायक एवं शासकीय योजनाओं को अपनी जेब भरने का साधन बनाने वाले अधिकारियों की पोल खोलता है। इस



योजना के बंद होने से होने वाले घाटों को अधिकारी महिला समूह पर डालकर उन्हें जिंदगी भर के लिए कर्जदार बना देंगे। चोपड़ा ने कहा कि रीपा की इस योजना में उत्पादित वस्तुओं के लिए बाजार उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी मुख्यतः जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की थी। परंतु, इन्होंने इसमें किसी प्राकर की रूचि नहीं ली और अपनी जिम्मेदारी से भागते रहें। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपने पूरे कार्यकाल में नेताओं और बड़े अधिकारियों के पिछलग्गू बने रहे एवं गरीब जनता के हितों से इनका कोई सरोकार नहीं रहा, जिले में रीपा के साथ ही दुग्ध संग्रहण की शासकीय योजनाओं में भी भ्रष्टाचार का पलीता इन्होंने लगाया और जिले का उपयोग चारागाह के रूप में करते रहे। डा. चोपड़ा ने मांग की है कि इनके कार्यकाल के समस्त कार्यों की गहराई से जांच की जाए तो जनता के धनों के दुरुपयोग के बड़े मामले उजागर होगें। छत्तीसगढ़ प्रदेश में ऐसे भी अब भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान चल रहा है। जिसमें बड़े-बड़े अधिकारी और नेता जेल में है उसी राह पर चलते हुए शासन जिला पंचायत के भ्रष्टाचारों की जांच कराए।

## निचली बस्ती के एक घर में राइस मिल की दीवार गिरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

वार्ड नंबर 24 निचली बस्ती में निवासरत आनंदराम कुलदीप घर के पीछे राइस मिल की लंबी दीवार गिर गई। इसकी जानकारी मिलने पर बरसते पानी में नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षदगण पीयूष साहू, चंद्रशेखर बेलदार, भाजपा नेता शरद मराठा निरीक्षण करने पहुंचे। जहां देखा कि राइस मिल की लंबी दीवार 4 दिन पहले बारिश से गिर गई है, जिससे उनका घर पीछे तरफ खुल गया। राइस मिल मालिक को शिकायत के बावजूद 4 दिन से मलबा नहीं उठाया गया। तत्काल नगर पालिका उपाध्यक्ष ने सफाई प्रभारी दिलीप चंद्राकर को दूरभाष पर मलबा हटाने का निर्देश देते हुए कहा कि जिसकी भी दीवार गिरी है उससे हर्जाना लें और गरीब आदमी का जीवन को सामान्य करें। मलबा गिरने से कुआं जाने का रास्ता बंद हो गया। जिसके कारण परिवार को निस्तारी करने में परेशानी हो रही है। आनंदराम को इस क्षतिपूर्ति के लिए पटवारी को तहसीलदार के नाम आवेदन करने की सलाह दी गई, जिससे प्रशासनिक तौर पर आर्थिक मदद मिल पाएगी। इसके अलावा जिनकी दीवार गिरी है उन्हें नोटिस दें, दीवार का जीर्णोद्धार तत्काल कराए नहीं तो निचली बस्ती में कभी भी जनहानि हो सकती है।

# नपाध्यक्ष ने जनदर्शन में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पालिका दफ्तर में जनदर्शन के माध्यम से आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। साथ सभी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर विभिन्न वार्डों से राशन कार्ड, नल कनेक्शन, वृद्धा पेंशन, नाली निर्माण, सफाई व मूलभूत समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। निखिलकांत ने समस्त आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर संबंधित अधिकारियों को तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर समस्त विभाग प्रभारी गण व बड़ी संख्या में आवेदक उपस्थित थे।

कॉलेज में छात्र-छात्राओं के लिए एनईपी-2020 ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन

# एनईपी शिक्षा प्रणाली में एक ऐतिहासिक परिवर्तन:अनुसुइया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले के एकमात्र अंग्रेजी माध्यम कॉलेज स्वामी आत्मानंद शासकीय आदर्श महाविद्यालय में सत्र 2025-26 के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के लिए एनईपी 2020 ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन वंदन से हुआ। तत्पश्चात स्वागत उद्बोधन की कड़ी में प्राचार्य डॉ. अनसूया अग्रवाल ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों और लाभों से अवगत कराया। प्राचार्य ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि एनईपी 2020 भारत की शिक्षा प्रणाली में एक ऐतिहासिक परिवर्तन है, जो विद्यार्थियों को केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं रखता बल्कि उन्हें स्वतंत्र रूप से अपने रुचि व कौशल के अनुसार शिक्षा पथ चुनने की छूट देता है।

उन्होंने मल्टीप्ल एंट्री व एग्जिट सिस्टम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थी अब प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष के बाद सर्टिफिकेट, डिप्लोमा या डिग्री के साथ शिक्षा को रोक या फिर से शुरू कर सकते हैं जो विशेष रूप से रोजगारोन्मुखी बनने में सहायक होगा। इसके पश्चात कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक रवि देवांगन एवं कॉमर्स संकाय के सहायक प्राध्यापक तरुण कुमार बांधे ने एनईपी 2020 के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत प्रकाश डाला।



सहायक अध्यापक अर्थशास्त्र ने इस नीति के सामाजिक और आर्थिक प्रभावों की चर्चा करते हुए बताया कि यह शिक्षा नीति भारतीय युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाने में सहायक होगी और शिक्षा नीति में हुए नए बदलाव जैसे डीएससी., जीई, एईसी, वीएससी के बारे में बतलाया। सहायक प्राध्यापक वाणिज्य ने एनईपी के अंतर्गत स्किल आधारित शिक्षा इंटरडिसीप्लिनरी अप्रोच और डिजिटल लर्निंग के महत्व को रखा, जिससे छात्रों के करियर के विभिन्न विकल्पों के लिए तैयार किया जा सकेगा। उन्होंने यह भी बताया कि नई प्रणाली में लोकल भाषाओं में शिक्षा को भी महत्व दिया गया है, जिससे छात्रों की समझ और अभिव्यक्ति की क्षमता भी बढ़ेगी। कार्यक्रम में छात्रों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और सवाल जवाब सत्र में अपनी जिज्ञासाएं प्रकट की जिसका निराकरण आलोक त्रिलोक हिरवानी, अतिथि व्याख्याता कंप्यूटर साइंस द्वारा किया गया। सभी उपस्थित विद्यार्थियों ने सत्र को अत्यंत उपयोगी और मार्गदर्शक बताया। कार्यक्रम का उद्देश्य एनईपी 2020 की मूल भावना को समझाना और छात्रों को इस नीति के अनुरूप अपने शैक्षणिक व करियर पथ की योजना बनाने में सहायता करना था, जो पूरी तरह सफल रहा। डॉ. ग्लैडिस एस मैथ्यू अतिथि व्याख्याता समाजशास्त्र द्वारा कार्यक्रम का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के वरिष्ठ पर प्राध्यापक प्रतिमा चंद्राकर हिंदी द्वारा किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में महाविद्यालय के अतिथि व्याख्याता हरिशंकर नाथ राजनीति विज्ञान, माधुरी दीवान वाणिज्य, चित्रेश बरेठ रसायन शास्त्र, मुकेश सिन्हा कंप्यूटर एप्लीकेशन, संजय कुमार अंग्रेजी, खुशबू सिन्हा ग्रंथपाल, जगतारण बघेल लैब टेक्नीशियन, शेषनारायण साहू लैब टेक्नीशियन, नानक साहू कंप्यूटर ऑपरेटर एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## डुडुमचुंवा में धूमधाम के साथ मनाया गया नाग पंचमी पर्व

**सरायपाली (ग्रामीण)।** सराईपाली ब्लॉक के ग्राम डुडुमचुवा में नागपंचमी पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विदित हो कि नागपंचमी को लेकर ग्रामीण स्तर पर एक अनोखी ढंग से मनाया जाता है। गांवों में यह पर्व की धूम रहती है। इसी तारतम्य में नागपंचमी पर्व ग्राम डूडूमचुवा में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ श्रद्धापूर्वक मनाया गया। ग्रामवासियों में अलग सी उत्साह देखा गया। पर्व को लेकर पहले से तैयारी किया गया था। आज गांव के बीच बस्ती हनुमान चौक पर सभी ग्रामवासी एकत्रित होकर अनेक कार्यक्रम का किया। आयोजन में झांझ मंजीरा वादन के साथ जोरदार गीतों के साथ कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। इस अवसर पर सरपंच, पंचगण, गुरुजन, लेखक व समाजसेवी सुखचंद दास मानिकपुरी सहित आसपास नागरिक उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**



## सशिमं में मनाया गया नाग पंचमी का पर्व

**महासमुंद।** भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नाग पंचमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में नाग देवता की पूजा की गईं। साथ ही पार्थिव शिवलिंग बनाकर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य बलराम सेन द्वारा रुद्राभिषेक किया गया। उन्होंने बताया कि नाग पंचमी में नाग की पूजा क्यों की जाती है। वैसे तो नाग विषधर होते हैं, किसी को काट ले तो उसका प्राणांत सुनिश्चित है, फिर भी हम पूजा करते हैं। इसके पीछे हमारी उदान्त भावना वसुधैव कुटुंबकम है। भगवान विष्णु क्षीर सागर में शेषनाग की शैय्या पर ही विश्राम करते हैं और त्रेता युग में वही विष्णु श्रीराम के रूप में और शेषनाग लक्ष्मण के रूप में अवतरित होकर रावण की अत्याचार से धरती माता को मुक्त किए थे। समुद्र मंथन में वासुकि नाग को रस्सी बनाकर देवता और दानव समुद्र मंथन किए थे, जिससे 14 रत्न प्राप्त हुए थे। अंत में विष भी निकला जिसे भगवान शिव ने पीकर नीलकंठ महादेव कहलाए। इस मौके पर विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर आदर्श शिक्षा मंडल समिति के उपाध्यक्ष संध्या शर्मा, विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा, वरिष्ठ आचार्य शिवकुमार कन्नौजे, वरिष्ठ आचार्या मनोज साहू, दुर्गेश नंदिनी चंद्राकर, सरोजनी साव, तनूजा साहू, अश्वनी साहू, किरण साहू,

**श्रद्धा-भक्ति : अंसुला पहुंचे प्रभारी मंत्री दयालदास और विधायक अग्रवाल**

# जोंक नदी के तट पर शिव मंदिर में हुआ महायज्ञ, पहुंचे प्रभारी मंत्री विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

ग्राम अंसुला में आयोजित महायज्ञ में

- मंत्री दयालदास बघेल और विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने लिया आशीर्वाद





छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल तथा बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में मंत्री एवं विधायक ने जोंक नदी के तट पर स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की एवं तत्पश्चात सद्गुरु सियाराम दास से आशीर्वाद किया।

पूजन पश्चात आयोजित ग्राम चौपाल में ग्रामीणों ने मंत्री बघेल के समक्ष स्थानीय समस्याओं को रखा तथा सामुदायिक भवन की आवश्यकता जताई। मंत्री दयालदास बघेल ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कलेक्टर और अधिकारियों से वार्ता कर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि बसना विधानसभा उनका अपना परिवार है, और सद्गुरु सियाराम दास का अंसुला ग्राम में आगमन पूरे क्षेत्र के लिए सौभाग्य का प्रतीक है। आकस्मिक प्रवास के दौरान कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल और क्षेत्रीय विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने ग्रीन पंचायत सपोस निवासी पिथौरा के जनपद पंचायत अध्यक्ष ऊषा पुरुषोत्तम धृतलहरे के निवास में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

इस अवसर पर रमेश अग्रवाल, ब्रह्मानंद पटेल, मोहित पटेल, पुरुषोत्तम धृतलहरे, किशोर बघेल, निरंजन यादव, प्रहलाद पटेल, कामेश बंजारा, आकाश सिन्हा, त्रिलोचन भोई सहित भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन 6 अगस्त को

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुरूप तथा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों में प्रथम बैठक बुधवार 06 अगस्त 2025 को प्रातः 11 बजे से पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक का उद्देश्य पालकों को बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, दैनिक गतिविधियों एवं समस्याओं से अवगत कराना। बच्चों को पढ़ाई के प्रति सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराना। ड्रॉप आउट दर को कम करने के लिए पालकों की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करना। बच्चों को परीक्षा तनाव से मुक्त करने के लिए काउंसलिंग किया जाना है। विद्यालय स्तर पर द्वितीय बैठक तिमाही परीक्षा पश्चात 10 दिवस के भीतर एवं तृतीय बैठक छिमाही परीक्षा पश्चात 10 दिवस के भीतर आयोजित की जाएगी।

बैठक में शिक्षकों द्वारा पालकों को शासन द्वारा संचालित विद्यार्थी हितग्राही योजनाओं, शैक्षणिक कार्यक्रमों, और शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी, ताकि पालक एवं विद्यार्थी इन योजनाओं का अधिकतम लाभ ले सकें। साथ ही प्रमुख विषयों जैसे घर का वातावरण व छात्र की दिनचर्या, बच्चों की नैतिक सीख एवं निष्कर्ष, बच्चा बोलेगा बेझिझक - संवाद पर बल, अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा प्रदर्शन, बस्ता रहित शनिवार की गतिविधियां, स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण संबंधी जानकारी, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र की स्थिति, न्योता भोज कार्यक्रम, छात्रवृत्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी, पॉक्सो एक्ट 2012 का प्रचार-प्रसार एवं डिजिटल शिक्षण प्लेटफॉर्म जैसे दीक्षा एप, ई-जादुई पिटारा, डिजिटल लाइब्रेरी का उपयोग पर चर्चा की जाएगी। पीटीएम के लिए जिला स्तरीय, विकासखंड स्तरीय अधिकारी की ड्यूटी प्रत्येक संकुलवार लगाई गई है। सभी अधिकारी आबंटित पीटीएम बैठक में शामिल होंगे तथा मॉनिटरिंग करेंगे। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा टीम द्वारा भी मॉनिटरिंग की जाएगी।

## सिरपुर में सहत्र जलधारा अभिषेक कल

**महासमुंद।** बोलबम सेवा समिति द्वारा सिरपुर के गंधेश्वरनाथ महादेव का सहत्र जलधारा अभिषेक शक्रुवार 1 अगस्त को दोपहर 12 बजे किया जाएगा। मुख्य जजमान जिपं के पूर्व सभापति अमर अरूण चंद्राकर परिवार होंगे। महानदी के तट से गंधेश्वरनाथ मंदिर परिसर तक मानव श्रृंखला बनाकर अभिषेक के लिए जल लाया जाएगा। जानकारी देते हुए अध्यक्ष थनवार यादव, उपाध्यक्ष सुंदर साहू ने समस्त श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।




## खरोरा में महिलाओं ने मनाया तीज उत्सव

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक खरोरा में महिलाओं ने तीज का उत्सव श्रावण मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया सोमवार को मनाया गया। पूजा चंद्राकर ने बताया कि यह उत्सव महिलाओं का उत्सव है। सावन में जब संपूर्ण प्रकृति हरी ओढ़नी से आच्छादित होती है, उस अवसर पर महिलाओं के मन मयूर नृत्य करने लगते हैं। वृक्ष की शाखाओं में झूले पड़ जाते हैं। हरियाली तीज के रूप में मनाते हैं। सुहागन स्त्रियों के लिए यह व्रत बहुत महत्व रखता है। आस्था, उमंग, सौंदर्य और प्रेम का यह उत्सव शिव-पार्वती के पुनर्मिलन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। चारों ओर हरियाली होने के कारण इसे हरियाली तीज कहते हैं। इस अवसर पर महिलाएं झूला झूलती हैं, लोकगीत गाती हैं और आनंद मनाती है।



## यादव समाज ने बोलबम कांवरियों को बांटे फल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज ने जिले के सिरपुर राधा कृष्ण मंदिर में प्रीतम यादव जिलाध्यक्ष यादव समाज के नेतृत्व में बोलबम कांवरियों को प्रसाद वितरण किया गया। कांवरियों को केला, सेब, बिस्कुट अन्य फलाहारी का बांटा गया। इस दौरान प्रीतम यादव जिला अध्यक्ष, राजू यादव राजनीतिक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष, नंदलाल यादव( जिला सरक्षक व पूर्व सैनिक) , पतित यादव (जिला मीडिया प्रभारी), लीलाधर यादव (सिरपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष), दिलीप यादव (जिला महामंत्री), पुष्कर यादव, नरसिंग यादव, सहस यादव (मंदिर समिति अध्यक्ष), पंचराम यादव (सिरपुर), पंचराम (भोरिग), दिलहर यादव, कमल यादव, मुन्ना यादव, ईश्वर यादव (कुरूद अमसेना अध्यक्ष) , पतिराम यादव, पुरानी यादव, मनीराम यादव, ठाकुर यादव, बेदराम यादव, तुकेश्वर यादव, थनवार यादव (सिरपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष) सहित बड़ी संख्या उपस्थित रहे।



## सावन में रामायण पाठ एवं भोलेबाबा का गुणगान

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में सावन माह के प्रत्येक दिन रामायण पाठ एवं भोले बाबा का गुणगान किया जा रहा है। भाठापारा में मानस गान का आनन्द उठाने के लिए मोहल्लेवासी एकत्रित हो रहे है। बाजार चौक में मानस मंडलियों द्वारा शाम सात से नौ बजे तक भजन-कीर्तन का कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। हॉस्पिटल स्थित शिवलिंग, राम मंदिर, भाठापारा वार्ड, भूतेश्वर महादेव मंदिर व शिव मंदिर में भी अनेक आयोजन हो रहे हैं।

# कलेक्टर ने ली जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित हुआ। इस बैठक में बाल श्रम (निषेध और नियमन) के लिए किए गए कार्यों की जानकारी ली गई।

कलेक्टर लंगेह ने सभी सदस्यों और स्वयंसेवी संस्थाओं को निर्देशित किया कि वे समन्वय स्थापित कर प्रतिमाह बालक और कुमार श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) नियम 2017 की धारा 2 बी (2) के तहत संयुक्त निरीक्षण की कार्रवाई करें। कलेक्टर ने ऐसे बच्चों की जानकारी, जो एक माह से विद्यालय में अनुपस्थित हैं, श्रम विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। जिसमें एक माह में शाला से अनुपस्थित बाल एवं किशोर की संख्या निरंक है। कलेक्टर ने कहा कि चिन्हांकित बच्चों को सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत औपचारिक प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 4 के तहत उचित आयु वर्ग की औपचारिक शालाओं में प्रवेश दिया जाएगा। कलेक्टर ने संयुक्त टीम को बाल श्रम के संबंध में होटल, ढाबों और औद्योगिक संस्थानों में सतत निरीक्षण करने तथा कमी पाए जाने पर संस्थानों के विरूद्ध अधिनियम के प्रावधान अनुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए है।



जिला स्तरीय टास्क फोर्स के नोडल अधिकारी डीएन पात्र ने बताया कि समिति के माध्यम से संयुक्त टीम द्वारा 12 जून से 30 जून तक बाल श्रमिक/अपशिष्ट संग्राहक, भिक्षावृत्ति, मादक द्रव्यों के शिकार बच्चों के सर्वेक्षण, रेस्क्यू/पुनर्वास के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान जिला स्तरीय टास्क फोर्स के सदस्यों द्वारा 6 संस्थानों का निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार 02 जून से 10 जून तक एक सप्ताह का विशेष अभियान चलाकर संयुक्त टीम द्वारा 12 संस्थानों का निरीक्षण किया गया। जिसमें 03 संस्थानों को बाल श्रम निषेध सूचना पटल प्रदर्शित नहीं किए जाने पर नोटिस जारी किया गया। बैठक में टास्क फोर्स के सदस्य मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस. आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, जिला कार्यक्रम अधिकारी टिकवेंद्र जटवार, श्रम पदाधिकारी डी.एन. पात्र, जिला अग्रणी बैंक मैनेजर अभय पारे सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# मंडल और सेक्टर पुनर्गठन को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद





छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा मंडल तथा सेक्टर कमेटियों के पुनर्गठन के निर्देश पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर द्वारा आयोजित बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा मंडल तथा सेक्टर कमेटी के पुनर्गठन के लिए नियुक्त महासमुंद जिला प्रभारी पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल ने पुनर्गठन को लेकर ब्लॉक प्रभारी एवं ब्लॉक अध्यक्ष को पीसीसी गाइडलाइन तथा उदयपुर नव-संकल्प शिविर में पारित प्रस्तावों को ध्यान में रखकर मंडल तथा सेक्टर कमेटी की गठन करने को कहा। साथ ही एक बात पर विशेष ध्यान देने को कहा कि मंडल तथा सेक्टर कमेटी में उन्हीं लोगों को शामिल करें जो लोग कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पित है एवं सक्रिय हैं, ऐसे लोग जो चुनाव के दौरान पार्टी अधिकृत प्रत्याशी का काम नहीं करते या पार्टी विरोध में काम करते हैं, ऐसे लोगों को बिल्कुल भी स्थान नहीं दिए जाने के निर्देश दिए। जिलाध्यक्ष चंद्राकर ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा तय समय के अंदर सभी ब्लॉक प्रभारी एवं ब्लॉक अध्यक्षों को मंडल एवं सेक्टर कमेटी पुनर्गठन का कार्य पूर्ण करने को कहा है, जिस भी ब्लॉक में अभी तक बैठक नहीं हुई है। आगामी दो दिवस के भीतर वहां बैठक कर कार्य संपन्न करने को कहा है। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ला, जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, प्रदेश महामंत्री अमरजीत चावला, विधायक पदमा मनहर, अरुण मालाकार, अनंत वर्मा, अरविंदर सिंह छाबड़ा, गुरमीत चावला, गणेश शर्मा, इस्तियाक खैरानी, सुरेंद्र वैष्णव, भूपेंद्र ठाकुर, विजय साहू, खिलावन साहू, पुष्पेंद्र पटेल, नितेंद्र बनर्जी, निर्मल जैन शामिल रहे।

## मेघ बसंत कॉलोनी में रामायण का आयोजन



**महासमुंद।** मेघ बसंत कॉलोनी के मंदिर प्रांगण में अशोक सुंदरी रामायण मंडली द्वारा रामायण पाठ की प्रस्तुति दी गई। सर्वप्रथम भगवान राम की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। सावन की पवित्र मास में बारिश की फुहार में शिव की शादी की कथा और भजन ने सभी श्रोतागण को आनंदित कर दिया। कार्यक्रम में सती साहू, शशि थवाईत, मधुलता शर्मा, वंदना अग्रवाल, वीणा प्रधान, किरण साहू, सरोज श्रीवास्तव, रानी सेनी, सविता महंती, एकता खनूजा, नीतू जैन, दीप्ति थवाईत, रेखा कृष्णानी, सिंपल गुप्ता, ममता रूपरेला, वसुंधरा पोपट, अजय थवाईत, रवि जैन का विशेष योगदान रहा।

# सिंघनपुर पंचायत को पानी टैंकर प्रदाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद




ग्राम पंचायत सिंघनपुर में महासमुंद विधायक योगेश्वर सिन्हा ने सरपंच झाल बाई राय की विशेष मांग को पूरा करते हुए पानी टैंकर प्रदाय किया। पानी टैंकर की पूजा अर्चना कर श्रीफल तोड़ा गया और पंचायत को सौंपा। प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति सराईपाली अध्यक्ष व सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र राय ने बताया कि पंचायत में पानी टैंकर की बहुत ही आवश्यकता थी। जब जब छोटे-बड़े कार्यक्रमों में पानी की समस्या होती, तब लोगों से एक ही बात सुनने को मिलता था कि पानी टैंकर होता तो पानी की समस्या नहीं होती। खासकर गर्मी के दिनों में बिजली ट्रांसफार्मर (लाईन ) फाल्ट होने पर अपने निजी ट्रैक्टर के माध्यम से पास के गांव पचरी व पत्थरीं से गांव के लोगों के लिए बगैर किराया लिए सेवा भाव से पानी की व्यवस्था किया करते थे। अब पानी टैंकर होने से दर दर भटकना नही पड़ेगा। निजी एवं सार्वजनिक कार्य करने में सहुलियत मिलेगी। ग्राम पंचायत सरपंच व पंचायत जनप्रतिनिधि तथा ग्रामवासियों ने विधायक योगेश्वर सिन्हा का आभार जताया है। इस अवसर पर झालबाई राय, सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र राय, पंचगण व ग्रामवासी भारत टंडन, सुंदर कुर्रे, चैतराम यादव, रूपसिंग निषाद, लखन ध्रुव,आनंद मन्नाडे, नंदू टंडन, संत टेकराम भारती, डेविड कुर्रे, अर्जुन कोसरिया, मुकेश खूंटे, सुखी लहरे, जया आवड़े (एफएलसीआरपी), रेवती कुर्रे, महेश्वरी, राखी कोसरिया आदि मौजूद रहे।

**आदिवासी अधिकारों और संस्कृति को संरक्षित करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल**

# विश्व आदिवासी दिवस पर युवाओं की भागीदारी से होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



शंकराचार्य भवन महासमुंद में विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव मनाने के लिए आदिवासी युवा प्रभाग महासमुंद के तत्वावधान में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का शुभारंभ प्रकृति शक्ति के जयघोष से संचालक रोहित ध्रुव द्वारा किया गया। उन्होंने आदिवासी समुदाय के युवाओं को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के महत्व पर प्रकाश डाला।

संरक्षक पंकज सोरी ने आदिवासी दिवस का महत्व बताया और कहा कि यह दिन आदिवासी समुदायों के अधिकारों और उनकी संस्कृति को पहचानने और सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। जिलाध्यक्ष श्रद्धा ध्रुव ने युवाओं को जागरूक और एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा कि आदिवासी समुदाय के युवाओं की भागीदारी इस कार्यक्रम की सफलता के लिए बहुत जरूरी है। आदिवासी युवा अपनी ऊर्जा और उत्साह के साथ इस कार्यक्रम को सफल बना सकते हैं और अपने समुदाय के लिए सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। यह उनके भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी समुदाय के युवाओं को अपनी संस्कृति और विरासत के बारे में जानने और उन्हें संरक्षित करने का अवसर मिलेगा। साथ ही वे अपने अधिकारों की रक्षा करने और अपने समुदाय के लिए सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए भी प्रेरित होंगे। आदिवासी दिवस का महत्व आदिवासी समुदायों के अधिकारों और उनकी संस्कृति को पहचानने और सम्मानित करने में है। यह दिन आदिवासी समुदायों के योगदान और उनकी विरासत को संरक्षित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है।

### बैठक में जुटे युवा प्रभाग

बैठक में संरक्षक पंकज सोरी, जिला अध्यक्ष श्रद्धा ध्रुव, उपाध्यक्ष सावित्री नेताम, संचालक रोहित ध्रुव, मीडिया प्रभारी शशिकांत ध्रुव, वतन सिंह ठाकुर, संदीप मंडावी, लच्छू मरई, हर्षिता छैदेहा, लक्ष्मी मरकाम, दुर्गा ठाकुर, खुशी ध्रुव, तनु नेताम, ईशु दीवान, मोनू, शेखर, छोटू नेताम, निक्की ध्रुव, तरूण नेताम, कुसुम नेताम, श्वेता नेताम, सरिता नेताम, दिशा नेताम, वैशाली ध्रुव, कामिनी नेताम, सोनिया नेताम, सीमा मरई, वसुंधरा नेताम, आरती पोडेटी, मुकुंद नेताम, आशीष, जय नेताम, रूपेश, कौशल, दुर्गेश, राजप्रताप एवं आदिवासी युवा प्रभाग महासमुंद के सभी सदस्यगण उपस्थित रहे।

